# खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे | By Mukesh Bagda |

खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे
की खुशियों से झोली भर दे
कर दे वारे न्यारे
खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे

अंधों को आँखें दे दी
बांझों को लाल जी
निर्धनों को इसने किया
पल में मालामाल जी
कि पंगु यहाँ पे चलते
कि पंगु यहाँ चले
गूँगों ने भजन किया रे
खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे

युग युग से भक्तों की लाज बचाते हैं
जब भी पुकारे कोई दौड़े चले आते हैं
कि पल में दुख हरते
कि पल में दुख हरते
हारे के बने सहारे
खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे

सच्चे ह्रदय से जो भी श्याम को मानते हैं
शरण में लेते उसको गले से लगाते हैं
कि दर पे जो आये
कि दर पे जो आये
चरणों में उसे लिया रे
खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे

अपना तो कोई नहीं श्याम बिन दूजा
प्रेम से तू करले "पन्ना" इनकी ही पूजा
जो इनका नाम जपे
जो इनका नाम जपे
बिन मांगे उन्हें दिया रे
खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे

खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे
की खुशियों से झोली भर दे
कर दे वारे न्यारे
खाटू वाले श्याम देव बड़े ही प्यारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%b9/